बालाजी का दवारा

दुनियाँ में बस एक सहारा,
बालाजी का दवारा -2
वो ही आता सालासर जो,
बालाजी को प्यारा,
दुनियाँ में बस एक सहारा,
बालाजी का दवारा…..

शान निराली बालाजी की,
सालासर के अंदर,
चांदी की दीवार बनी हैं,
सोने का है मंदिर -2
भटके हुयो को राह दिखाता,
दर पे बुलाके तारा,
वो ही आता सालासर जो,
बालाजी को प्यारा,
दुनियाँ में बस एक सहारा,
बालाजी का दवारा.....

भक्तों की कतार लगी है,
लगते हैं जयकारे,
हार के जो आ जाए दर पे,
वो कभी ना हारे -2
राजस्थान में धाम बड़ा है,
अद्भुद बड़ा नज़ारा,
वो ही आता सालासर जो,
बालाजी को प्यारा,
दुनियाँ में बस एक सहारा,
बालाजी का दवारा......

मोहन दास महाराज की भक्ति,
से प्रसन्न हुए हैं,
कलियुग में डंका है बजता,
भक्त भी धन्य हुए हैं -2
मित्तल अपना सर्वश्व वार दे,
गर करे ये इशारा,
वो ही आता सालासर जो,
बालाजी को प्यारा,
दुनियाँ में बस एक सहारा,
बालाजी का दवारा…………

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22888/title/bala-ji-ka-dwara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |